Australian Government

Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman

# राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में 1 जुलाई 2022 को किए गए परिवर्तनों के कार्यान्वयन की समीक्षा

मुद्दे पत्र - अगस्त 2023

# Copyright Notice

http://creativecommons.org/licences/by/3.0/au/

With the exception of coats of arms, logos, emblems, images, other third-party material or devices protected by a trademark, this content is licensed under the Creative Commons Australia Attribution 3.0 Licence.

We request attribution as © Commonwealth of Australia (Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman) 2023.

All other rights are reserved.

Some graphics in this document were used under a Creative Commons license from the Noun Project http://thenounproject.com

The Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman has undertaken reasonable enquiries to identify material owned by third parties and secure permission for its reproduction. Permission may need to be obtained from third parties to re-use their material.

Written enquiries may be sent to:

Director, Communications and Media
Australian Small Business and Family Enterprise
Ombudsman GPO Box 1791
Canberra City, ACT 2601

or email media@asbfeo.gov.au

# विषयसूची


1. परिचय 1

2. ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद और लघु व्यवसाय आपूर्ति का अवलोकन 2

3. राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में 1 जुलाई 2022 को किए गए परिवर्तनों एवं ऑस्ट्रेलियाई खरीदें योजना की की व्याख्या 3

4. ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा की जाने वाली खरीद के बारे में छोटे व्यवसायों की जागरुकता और संलग्नता 5

5. 1 जुलाई 2022 के परिवर्तनों के कारण ऑस्ट्रेलिया सरकार के अनुबंधों के लिए छोटे व्यवसायों की सुलभता पर प्रभाव 6

6. अपवाद और पैनल व्यवस्थाएँ 7

7. छोटे व्यवसायों की बेहतर संलग्नता के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार के निकायों और खरीद अधिकारियों को समर्थन 9

8. तुलनात्मक न्यायक्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की संलग्नता को समर्थन देने वाली खरीद नीतियाँ और कार्यप्रथाएँ 11

परिशिष्ट ए 13

# शब्दसूची

| | |
|---|---|
| **एएनएओ** | ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय लेखा-परीक्षण कार्यालय |
| **एपीएस** | ऑस्ट्रेलियाई लोकसेवा |
| **एएसबीएफईओ** | ऑस्ट्रेलियाई लघु व्यवसाय एवं पारिवारिक उद्यम लोकपाल |
| **सीएएसजी** | क्षमता अधिग्रहण एवं वहनीयता समूह |
| **सीपीआर** | राष्ट्रमंडल खरीद नियम |
| **ईएसएसए** | उद्यम समर्थन सेवाएँ समझौता |
| **वित्त** | वित्त विभाग |
| **हबज़ोन्स** | ऐतिहासिक रूप से अल्प-प्रयुक्त व्यवसाय क्षेत्र (यूएसए) |
| **आईपीपी** | स्वदेशी खरीद नीति |
| **एमएसपी** | प्रमुख सेवा प्रदाता |
| **एनएसएसजी** | नौसेना पोत-निर्माण एवं वहनीयता समूह |
| **ओआईए** | उद्योग पक्ष-समर्थक कार्यालय |
| **एसएआई पीपी** | दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई उद्योग प्रतिभाग नीति |
| **एसडीवीओएसबी** | सेवा-विकलांग सेनानिवृत्त-स्वामित्व लघु व्यवसाय (यूएसए) |
| **एसएमई** | लघु एवं मध्यम उद्यम |
| **एसओएन** | स्टैंडिंग ऑफर नोटिस |

# 1. परिचय

एएसबीएफईओ (ASBFEO) राष्ट्रमंडल खरीद नियमों (सीपीआर) [Commonwealth Procurement Rules (CPRs)] में 1 जुलाई 2022 को किए गए परिवर्तनों के कार्यान्वयन और राष्ट्रमंडल खरीद गतिविधियों में भाग लेने वाले छोटे व्यवसायों पर इन परिवर्तनों के पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा कर रहा है।

इस जाँच में सहायता के लिए हम इस मुद्दे पत्र में प्रस्तुत किए गए प्रश्नों, संदर्भ की शर्तों[1] या किसी भी अन्य प्रासंगिक मामले के बारे में उत्तर प्राप्त करना चाहते हैं। प्रस्तुति दर्ज करने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे खरीद जाँच वेबपृष्ठ पर जाएँ, जहाँ इस पत्र में शामिल प्रश्नों की सूची के साथ एक वेबफॉर्म भी उपलब्ध है।

कृपया अपनी प्रस्तुतियों को 15 सितंबर 2023 तक हमारे वेबपृष्ठ[2] के माध्यम से inquiries@asbfeo.gov.au पर जमा करें।

## पृष्ठभूमि

सीपीआर (CPRs) यह प्रशासित करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया सरकार के निकाय माल और सेवाओं की खरीदारी कैसे करते हैं। सरकार ने 2021-22 में 92,303 अनुबंध जारी किए, जिनका संयुक्त मूल्य $80.8 बिलियन था।[3]

एसएमई (SMEs) के लिए खरीद की सुलभता में सुधार के लिए सरकार ने सीपीआर (परिशिष्ट ए) में कई परिवर्तन किए, जो 1 जुलाई 2022 को प्रभावी हुए थे। इन परिवर्तनों में शामिल हैं:

- प्रमुख परियोजनाओं को उपयुक्ततानुसार विभाजित करना
- बीमा से संबंधित आवश्यकताओं का आकार सुधारना और अनुबंध दिए जाने तक व्यवसाय को बीमा पॉलिसी लेने की आवश्यकता निरस्त करना
- रक्षा विभाग (Department of Defence) को अधिकतम $500,000 तक के अनुबंधों को सीधे एसएमई से संसाधित करने की अनुमति देना
- मूल्य के हिसाब से राष्ट्रमंडल खरीद के 20% अंश को एसएमई से संसाधित करने की आवश्यकता नियत करना
- खरीद अधिकारियों द्वारा धन-के लिए-मूल्य का आकलन करते समय जलवायु परिवर्तन पर खरीद के व्यापक प्रभाव के बारे में विचार करने की आवश्यकता नियत करना।

यह पत्र राष्ट्रमंडल खरीद में शामिल होने वाले छोटे व्यवसायों के सामने आने वाली बाधाओं पर प्रतिक्रिया, और साथ ही एजेंसियों की खरीद कार्यप्रथाओं के आदर्श उदाहरणों की खोज करके जाँच के लिए हमारी सन्दर्भ की शर्तों[4] पर आगे विस्तारण करता है। यह वित्त मंत्री, माननीय सीनेटर कैटी गैलाघर द्वारा 16 फरवरी 2023 को एएसबीएफईओ के समक्ष निम्नलिखित बातों के लिए किए गए अनुरोध को भी प्रभावी बनाता है:

- सीपीआर परिवर्तनों के कार्यान्वयन की समीक्षा
- राष्ट्रमंडल खरीद में शामिल होने वाले छोटे व्यवसायों पर इनके प्रभाव का आकलन
- भविष्य में सीपीआर और राष्ट्रमंडल खरीद रूपरेखा में परिवर्तनों की अनुशंसा
- ऑस्ट्रेलियाई खरीदें योजना (Buy Australian Plan) के कार्यान्वयन का सम्मान।

[1] ऑस्ट्रेलियाई लघु व्यवसाय एवं पारिवारिक उद्यम लोकपाल, *राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में 1 जुलाई के परिवर्तनों की समीक्षा (2023)*, https://www.asbfeo.gov.au/policy-advocacy/policy-insights/review-1-july-changes-commonwealth-procurement-rules-2023

[2] ऑस्ट्रेलियाई लघु व्यवसाय एवं पारिवारिक उद्यम लोकपाल, *राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में 1 जुलाई के परिवर्तनों की समीक्षा (2023)*, https://www.asbfeo.gov.au/policy-advocacy/policy-insights/review-1-july-changes-commonwealth-procurement-rules-2023

[3] वित्त विभाग, *ऑस्ट्रेलिया सरकार के खरीद अनुबंधों की सांख्यिकी*, 04 मई 2023 को देखा गया https://www.finance.gov.au/ government/ procurement/statistics-australian-government-procurement-contracts-

[4] ऑस्ट्रेलियाई लघु व्यवसाय एवं पारिवारिक उद्यम लोकपाल, *राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में 1 जुलाई के परिवर्तनों की समीक्षा (2023)*, https://www.asbfeo.gov.au/policy-advocacy/policy-insights/review-1-july-changes-commonwealth-procurement-rules-2023

## 2. ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद और लघु व्यवसाय आपूर्ति का अवलोकन

खरीद वह प्रक्रिया होती है, जिसके माध्यम से सरकार अपनी नीतियाँ, कार्यक्रम और सेवाएँ वितरित करने के लिए माल और सेवाओं का अधिग्रहण करती है।

सरकार एसएमई (SMEs) सहित निजी क्षेत्र से अनेक प्रकार के माल और सेवाएँ खरीदती है।[5] 2021-22 में दिए गए $80.8 बिलियन के संयुक्त मूल्य के 92,303 अनुबंधों में से:

- 86% आपूर्तिकर्ता (अनुमानित रूप से) एसएमई थे
- मूल्य के हिसाब से 30.8% (या $24.9 बिलियन) प्राप्तकर्ता एसएमई थे
- मात्रा के हिसाब से 55.2% (या 50,921) प्राप्तकर्ता एसएमई थे।

छोटे व्यवसायों व ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद के बारे में और अधिक सांख्यिकी वित्त विभाग की वेबसाइट[6] से प्राप्त की जा सकती है।

ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा माल और सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की व्याख्या राष्ट्रमंडल खरीद ढाँचे (ढाँचे)[7] में दी गई है। यह रूपरेखा खरीद अधिकारियों के प्रति सरकार की अपेक्षाओं, ऑस्ट्रेलिया के मुक्त व्यापारिक दायित्वों और राष्ट्रमंडल खरीद के लिए अच्छी कार्यप्रथाओं को प्रतिबिंबित करती है। सरकार के लिए माल और सेवाएँ खरीदते समय कुछ नियमों का पालन करना भी अनिवार्य है। इनकी रूपरेखा वित्त विभाग की वेबसाइट पर सीपीआर[8] में दी गई है।

धन-के लिए-मूल्य प्राप्त करना सरकारी खरीद निर्णयों को रेखांकित करने वाला प्रमुख नियम है। धन-के लिए-मूल्य इन माध्यमों से प्राप्त किया जाता है:

- उत्साहजनक प्रतिस्पर्धा और भेदभावमुक्त प्रक्रियाएँ आयोजित करना
- कुशल, प्रभावी, किफायती और नैतिक तरीकों से संसाधनों का उपयोग करना
- उत्तरदायी और पारदर्शी निर्णय लेना
- खतरों के बारे में विचार करना
- कार्यकुशल क्रय प्रक्रिया आयोजित करना।

इसका अर्थ है कि धन-के लिए-मूल्य केवल कीमत के बारे में ही नहीं है। जब सरकार माल व सेवाएँ खरीदती है, तो सरकारी अधिकारियों के निर्णय व्यवसाय की मूल आवश्यकता की तुलना में प्रत्येक प्रस्ताव की लागतों और लाभों के आकलन पर आधारित होते हैं।

धन-के लिए-मूल्य के आकलन में निविदा के प्रति उत्तर के कारकों पर विचार किया जाना शामिल हो सकता है, जैसे:

- विशेषताएँ पूरी कर पाना
- अनुभव और प्रदर्शन इतिहास

[5] एसएमई को ऐसे ऑस्ट्रेलियाई या न्यू ज़ीलैंड फर्म के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें 200 से कम पूर्णकालिक समकक्ष कर्मी होते हैं। छोटे व्यवसाय को 20 से कम पूर्णकालिक समकक्ष कर्मियों वाले व्यवसाय के रूप में परिभाषित किया जाता है।

[6] वित्त विभाग, *ऑस्ट्रेलिया सरकार के खरीद अनुबंधों की सांख्यिकी*, 04 मई 2023 को देखा गया https://www.finance.gov.au/government/procurement/statistics-australian-government-procurement-contracts-

[7] सरकारी खरीद संयुक्त चयन समिति: *अपने भविष्य के लिए खरीदना: राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में संशोधनों की समीक्षा*, ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रमंडल संसद, जून 2017, पृष्ठ 11, 26 जुलाई 2023 को देखा गया https://www.aph.gov.au/Parliamentary_Business/Committees/Joint/Former_Committees/Government_Procurement/CommProcurementFramework/Report/section?id=committees%2Freportjnt%2F024068%2F24702#footnote30ref

[8] वित्त विभाग, *राष्ट्रमंडल खरीद नियम*, 04 मई को देखा गया 2023 https://www.finance.gov.au/government/procurement/commonwealth-procurement-rules

- अनुबंध की अवधि के दौरान लचीलापन, नवाचार और अनुकूलनीयता
- पर्यावरणीय वहनीयता
- संपूर्ण-जीवन-काल लागतें।

सरकार ने सीपीआर के तहत निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए हैं:

- मूल्य के हिसाब से सभी राष्ट्रमंडल खरीद के कम से कम 20% अंश को एसएमई से संसाधित किया जाए (2021- 22 के 10% के लक्ष्य की तुलना में संवृद्धि)

- अधिकतम $20 मिलियन के मूल्य तक कम से कम 35% अनुबंधों को एसएमई से संसाधित किया जाए।

इन लक्ष्यों को समर्थन देने के उद्देश्य से सरकार ने एसएमई को सरकारी खरीद में प्रतिस्पर्धी बनने में सहायता के लिए अनेकानेक नीतियाँ अपनाई। इसमें शामिल हैं:

- सरकार को बिक्री (Selling to Government) वेबसाइट[9], जिसमें व्यवसायों को यह समझने में सहायता देने के लिए जानकारी और समर्थन शामिल है कि व्यावसायिक अवसरों की पहचान कैसे की जाए और सरकार को बिक्री कैसे की जाए।
- अधिकतम $200,000 तक के माल व सेवाएँ और स्वदेशी स्वामित्व वाले एसएमई से खरीद के लिए सीपीआर में विशिष्ट अपवाद
- 1 जुलाई 2022 से प्रभावी हुए अतिरिक्त परिवर्तन (अगले अनुभाग में रेखांकित)।

## 3. राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में 1 जुलाई 2022 को किए गए परिवर्तनों एवं ऑस्ट्रेलियाई खरीदें योजना की व्याख्या

अपडेट किए गए सीपीआर 1 जुलाई 2022 से आरंभ करके सभी नई खरीदों के लिए लागू होते हैं। परिवर्तनों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एसएमई से संसाधित करने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंबन हो सके और एसएमई को राष्ट्रमंडल खरीद में भागीदारी के लिए और अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें। अपडेट किए गए सीपीआर 1 जुलाई 2022 से आरंभ करके सभी नई खरीदों के लिए लागू होते हैं।

ये इस प्रकार से प्रमुख परियोजनाओं में एसएमई के लिए भाग लेने के अवसर बढ़ाते हैं:

- अधिकारियों के लिए प्रमुख परियोजनाओं को छोटे-छोटे अनुबंध अवसरों में विभाजित करने पर विचार-मनन करने की आवश्यकता नियत करना, जहाँ अलग-अलग करने से और अधिक प्रतिस्पर्धा की अनुमति मिलेगी और यह प्रस्तावित कार्य के प्रकार के लिए उपयुक्त होगा
- आपूर्तिकर्ताओं द्वारा वहन की जाने वाली बीमा लागतों के मूल्य को उचित स्तर तक घटाना, और यह स्पष्ट करना कि अधिकांश परिस्थितियों में अनुबंध दिए जाने तक बीमा की आवश्यकता नहीं होगी
- सभी अनुबंधों के लिए 'आपूर्तिकर्ता द्वारा समय पर भुगतान अथवा ब्याज भुगतान नीति' ('Supplier Pay On-Time or Pay Interest Policy') का विस्तारण करके आपूर्ति श्रृंखलाओं में नकदी प्रवाह को तेजगति देना। पूर्व लागू $1 मिलियन की सीमा हटा दी गई है और अधिकतम भुगतान शर्तें अब सभी अनुबंधों के लिए लागू होती हैं, चाहे मूल्य कुछ भी हो (इसका अर्थ यह है कि ई-इन्वॉइस का भुगतान पांच दिनों के अंदर और अन्य इन्वॉइसों का भुगतान 20 दिनों के अंदर किया जाएगा अथवा सरकार ब्याज का भुगतान करेगी)
- रक्षा विभाग को अधिकतम $500,000 तक की खरीद के लिए एसएमई से सीधे खरीदारी करके, या केवल एसएमई के लिए ही सीमित निविदाओं का उपयोग करके स्थानीय संप्रभु क्षमता बनाने की अनुमति देना।

परिशिष्ट ए या वित्त विभाग की वेबसाइट पर सीपीआर वेबपृष्ठ[10] में सभी परिवर्तन उपलब्ध हैं।

सरकार ने एसएमई की संलग्नता को अधिक बढ़ावा देने के लिए 2023-24 के संघीय बजट में उपायों की घोषणा की है। संघीय बजट निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए 4 वर्षों के दौरान $18.1 मिलियन (और 2028-29 से प्रत्येक वर्ष $1.5 मिलियन) का वित्त प्रदान करता है:

---

[9] वित्त विभाग, *सरकार को बेचना*, 02 मई 2023 को देखा गया, https://sellingtogov.finance.gov.au/

[10] वित्त विभाग, *राष्ट्रमंडल खरीद नियम*, 03 जुलाई 2023 को देखा गया, https://www.finance.gov.au/government/procurement/commonwealth-procurement-rules

- व्यवसायों के लिए अधिक प्रभावी ढंग से खरीद के अवसरों में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता में सुधार हेतु उपकरण प्रदान करना
- पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ऑस्टेंडर (AusTender) में सुधार करना और पैनलों के लिए आपूर्तिकर्ता पोर्टल स्थापित करना
- एसएमई के साथ संलग्नता बढ़ाना और सरकार को बिक्री करने के अवसरों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना
- राष्ट्रमंडल खरीद को धन-के लिए-मूल्य प्रदान करने हेतु पूरे एपीएस (APS) में खरीद व अनुबंध प्रबंधन क्षमता में सुधार करना।

ये उपाय ऑस्ट्रेलियाई खरीदें योजना (Buy Australian Plan) के लिए 2022-23 अक्टूबर बजट के उपायों पर आधारित हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई खरीदें योजना (Buy Australian Plan)

ऑस्ट्रेलियाई खरीदें योजना (Buy Australian Plan) (योजना) एक व्यापक सुधार कार्यक्रम है, जो खरीद के प्रति सरकार के दृष्टिकोण में सुधार लाएगी। इसका उद्देश्य उद्योग को बढ़ने में सहायता देने, हमारी आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक विविधता प्रदान करने, और नवाचार को आमंत्रित करने के लिए सरकार की क्रय शक्ति का उपयोग करना है। योजना का उद्देश्य सरकार के साथ व्यापार करने को आसान बनाना भी है। इसके लिए यह बाधाओं को दूर करेगी, प्रतिस्पर्धी निविदाएँ प्रस्तुत करने के लिए व्यवसायों की क्षमता में वृद्धि करेगी, उद्योग के साथ बेहतर संलग्नता के लिए ऑस्ट्रेलियाई लोकसेवा (एपीएस) [Australian Public Service (APS)] को समर्थन देगी और सरकारी खरीद से स्थानीय अर्थव्यवस्था को समर्थन मिल पाना सुनिश्चित करेगी।

यह योजना निम्नलिखित के माध्यम से व्यवसायों, विशेष रूप से क्षेत्रीय व्यवसायों, स्वदेशी स्वामित्व वाले व्यवसायों और एसएमई के लिए सरकारी खरीद में भाग लेने के अवसरों को अधिकतम बनाएगी:

- खरीद प्रक्रियाओं को कूटमुक्त और सरल बनाना
- प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं में अवसरों को अधिकतम बनाना
- स्वदेशी स्वामित्व वाले व्यवसायों को और अधिक अवसर प्रदान करना
- उद्योग क्षेत्रों को समर्थन देना
- रक्षा उद्योगों और क्षमता को मजबूत बनाना
- यह सुनिश्चित करना कि राज्यों और राज्य-क्षेत्रों के साथ राष्ट्रीय भागीदारी समझौतों के माध्यम से स्थानीय व्यवसायों के लिए अवसर अधिकतम बन पाएँ।

योजना के वितरण में सहायता के लिए वित्त विभाग में ऑस्ट्रेलिया में भविष्य निर्मित कार्यालय (कार्यालय) [Future Made in Australia Office (the Office)] की स्थापना की गई है। इस कार्यालय ने सरकारी वेबसाइट को फिर से विकसित किया है, ताकि व्यवसायों, विशेष रूप से एसएमई के लिए सरकार को बेचने के तरीके को बेहतर ढंग से समझने और अपने व्यवसाय के लिए अवसरों की पहचान करने में सहायता के लिए सही संसाधन मिल पाएँ।



## 4. ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा की जाने वाली खरीद के बारे में छोटे व्यवसायों की जागरुकता और संलग्नता

छोटे और पारिवारिक व्यवसायों के लिए प्रतिस्पर्धा करने तथा ऑस्ट्रेलिया सरकार को माल व सेवाओं की आपूर्ति उपलब्ध कराने में भाग लेने के अवसरों में संवृद्धि से विकास के अवसरों का विस्तारण होगा, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, संप्रभु क्षमता मजबूत होगी और करदाताओं के धन-के लिए-मूल्य अधिकतम बन सकेगा।

कई हितधारकों ने इस बात की पहचान की कि निविदा प्रक्रिया को जानना-समझना कठिन हो सकता है और छोटे व्यवसायों के लिए खरीद के अवसरों की दृश्यता कम हो सकती है, क्योंकि वे खरीद पैनल प्रणाली में पहले से ही उपस्थित नहीं होते हैं, खरीद एजेंसियों के साथ उनके मौजूदा संबंध नहीं होते हैं, या उनके पास सरकारी खरीद का पूर्व अनुभव नहीं होता है।

हितधारकों ने राष्ट्रमंडल खरीद अवसरों के साथ छोटे व्यवसायों की संलग्नता में कई बाधाओं की पहचान की, जिनमें शामिल हैं:

- जटिल प्रक्रियाएँ, जिन्हें पूर्व अनुभव के बिना जानना-समझना चुनौतीपूर्ण होता है
- आगामी कार्य और सीमित निविदाओं के उपयोग के संबंध में सीमित पारदर्शिता और संचार
- बंडल में खरीद अनुबंधों या बड़े कार्य पैकेजों के कारण निविदाओं के लिए प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई
- आदेशात्मक अनुबंध आवश्यकताओं से खरीद के अवसरों की सुलभता में बाधाएँ
- संपूर्ण सरकार-भर में काफी अधिक पैनल और स्टैंडिंग ऑफर व्यवस्थाएँ, और पैनल आवेदन की आवश्यकताओं व एजेंसियों के बीच साझाकरण व्यवस्थाओं में भिन्नताएँ।

हम सरकार को आपूर्ति (या आपूर्ति करने के बारे में विचार-मनन) करने वाले उन छोटे व्यवसायों के बारे में भी जानते हैं, जो निम्नलिखित में से एक या एकाधिक कारणों का हवाला देते हुए अवरुद्ध, हतोत्साहित या निराश हुए हैं:

- निविदा के लिए आवश्यक लागत और समय का निवेश
- छोटे व्यवसाय द्वारा निविदा प्रस्तुत करने की ऊँची विकल्प लागतों के बारे में एजेंसियों द्वारा विचार किए जाने की कमी
- निविदा के असफल होने पर सीमित या बिल्कुल भी नहीं प्रतिक्रिया दिया जाना
- खरीद व्यय सीमाओं से कृत्रिम रूप से बचने के लिए एक ही कार्य के लिए अलग-अलग खरीद प्रक्रियाओं पर काम करना
- 50% या अधिक स्वदेशी स्वामित्व वाले एसएमई की योग्यताओं के सत्यापन के लिए अपर्याप्त समुचित ध्यान दिया जाना
- बाज़ारी मूल्य की तुलना में भुगतान की दरें कम होना
- बड़े आकार के बाज़ारी आपूर्तिकर्ताओं के लिए कथित प्राथमिकता होना
- पैनलों के माध्यम से खरीदारी करने पर अत्यधिक निर्भरता होता।

हितधारकों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब छोटे व्यवसाय खरीद में संलग्न होते हैं, तो निविदा प्रक्रिया भ्रमित करने वाली और समझने में कठिन हो सकती है। आरंभिक परामर्शों से पता चला कि कई छोटे व्यवसाय पैनल प्रणाली और निविदा प्रक्रिया के बीच के अंतर को नहीं समझते हैं। कई छोटे व्यवसायों के लिए सरकार के लिए निविदा लिखना स्वाभाविक नहीं होता है और उन्हें सुधार करने के बारे में बहुत ही कम प्रतिक्रिया दी जाती है।

इस बारे में भी चिंताएँ व्यक्त की गई कि माल एवं सेवाएँ पैनल में होने का अर्थ सुलभता में अनिवार्य रूप से बदल जाना नहीं होता है। प्रस्तुतियों ने (ऑस्टेंडर आकड़ों के उद्धरण के माध्यम से) इस बात को प्रकाशित किया कि $10,000 से अधिक की पैनल खरीदों के लिए अनुबंध सूचनाओं का काफी अधिक अंश बड़े व्यवसायों को दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त छोटे व्यवसाय हितधारकों ने यह चिंता व्यक्त की कि बड़े आपूर्तिकर्ताओं के लिए कम खतरा और कम भार होने की अवधारणा के कारण अधिकारियों द्वारा उन्हीं से खरीदने की प्रवृत्ति से पैनल सदस्यता का लाभ कम हो गया है।

हम सुनना चाहेंगे कि सरकारी खरीद के व्यापक अनुभव वाले छोटे व्यवसाय और व्यक्ति-विशेष इस विषय में क्या कहते हैं:

- खरीद के लिए पहली बार सरकार से संपर्क करते समय आपके सामने आने वाली संभावित चुनौतियाँ या कठिनाइयाँ
- आदर्श एजेंसियों या प्रभावी प्रक्रियाओं या दृष्टिकोणों के उदाहरण।

### छोटे व्यवसायों के लिए प्रश्न

1. क्या आप ऑस्ट्रेलिया सरकार को बिक्री करते/ती हैं, या आप ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ व्यापार कर रहे/ही हैं? क्यों या क्यों नहीं?
2. क्या आप ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा खरीद के अवसरों से अवगत हैं और यदि हाँ, तो आप इन अवसरों के बारे में कितना जानते/ती हैं?
3. ऑस्ट्रेलियाई खरीद अवसरों के बारे में ऑस्ट्रेलिया सरकार छोटे व्यवसायों की जागरुकता को बढ़ावा कैसे दे सकती है?
4. यदि आपने ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद में भाग लिया है, तो आप अपने अनुभव का वर्णन कैसे करेंगे/गी?

## 5. 1 जुलाई 2022 के परिवर्तनों के कारण ऑस्ट्रेलिया सरकार के अनुबंधों के लिए छोटे व्यवसायों की सुलभता पर प्रभाव

1 जुलाई 2022 को राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में परिवर्तनों को छोटे और मध्यम व्यवसायों के आकार तथा क्षमताओं के अनुरूप अनुबंधों की सुलभता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। परिवर्तनों ने एसएमई आपूर्तिकर्ताओं से संसाधित किए गए सरकारी अनुबंधों के लक्षित मूल्यों को 10% से बढ़ाकर 20% कर दिया। इससे खरीद अधिकारियों के लिए यह आवश्यकता भी आरंभ हुई कि वे यथोचित रूप से बड़ी परियोजनाओं को छोटी-छोटी परियोजनाओं में विभाजित करने के बारे में विचार करें, जो एसएमई के लिए अधिक सुलभ होंगी।

हितधारकों ने सरकारी विभागों के अंदर परिवर्तनों के बारे में जागरुकता और अधिकारियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा तथा प्रशिक्षण के स्तरों के बारे में चिंताएँ व्यक्त की। परिवर्तनों से एसएमई खरीद में वृद्धि होने की अपेक्षा थी, किंतु हमारे परामर्शों से पता चला है कि बड़े व्यवसायों और परिचित प्रतिपक्षों पर ध्यान-केंद्रण अभी भी जारी बना हुआ है। इसके स्थान पर एसएमई को बड़े व्यवसायों के साथ आपूर्ति श्रृंखलाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

कई छोटे व्यवसाय इन आवश्यकताओं को एक बाधा के रूप में देखते हैं, किंतु कुछ छोटे व्यवसाय बड़ी कंपनियों के माध्यम से काम कर पाने को खरीद के अवसरों की सुलभता का प्रभावी साधन मानते हैं। उदाहरण के लिए, बड़े व्यवसायों के साथ प्रमुख व्यावसायिक संबंध विकसित करने से ऐसे एसएमई को लाभ पहुँच सकता है, जो उप-अनुबंधक के रूप में खरीद कार्य के लिए सुलभता के इच्छुक हैं। कुछ परिस्थितियों में, एसएमई इस अवसर को सरकारी खरीद के बारे में ज्ञान प्राप्त करने और संबंधों का लाभ उठाने के उद्देश्य से अपनी क्षमताएँ विकसित करने के लिए इस्तेमाल करते हैं, ताकि उन्हें अन्य गैर-सरकारी कार्यों सुलभता की में समर्थन मिल सके।

हम बड़े व्यवसायों के माध्यम से छोटे व्यवसायों द्वारा काम करने के आपके अनुभवों के बारे में सुनने के इच्छुक हैं, विशेषकर इससे आपकी क्षमताएँ बढ़ाने पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय में।

छोटे व्यवसायों को खरीद के अवसरों के लिए ऐसी अतिरिक्त बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जो उनके नियंत्रण से बाहर हैं। हितधारकों ने एएसबीएफईओ के समक्ष चिंताएँ व्यक्त की हैं, जिनमें शामिल हैं:

- बड़ी कंपनियों के संपूर्ण स्वामित्व के तहत आने वाली उप-कंपनियों को एसएमई अपवाद के तहत अनुबंध दिए जाना
- निर्णय लेने में व्यक्तिगत संबंधों की भूमिका होना
- निविदाओं का पारदर्शी न होना
- सीमित निविदाओं का आवश्यकता से अधिक उपयोग किया जाना, कभी-कभी बिना किसी कारण के
- सीमित निविदा अपवादों का गलत तरीके से उपयोग किया जाना।

### छोटे व्यवसायों के लिए प्रश्न

5. क्या आप 1 जुलाई 2022 को राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में हुए किसी भी परिवर्तन के बारे में जानते/ती हैं, और यदि हाँ, तो आपको कैसे पता चला?
6. क्या आपको 1 जुलाई 2022 के बाद ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद प्रक्रियाओं में कोई परिवर्तन दिखाई दिया है? यदि संभव हो, तो कृपया परिवर्तनों के बारे में बताएँ।
7. ऑस्ट्रेलिया सरकार के खरीद अवसरों की सुलभता प्राप्त करने में नेटवर्किंग और संबंध-निर्माण की क्या भूमिका है? एसएमई प्रदाता इस पहलू के बारे में जानने-समझने के लिए अपनी क्षमताओं में सुधार कैसे कर सकते हैं?
8. छोटे व्यवसायों को बड़े खरीद अवसरों में संलग्न होने के लिए अन्य निकायों या संगठनों के साथ सहयोग करने में किस बात से सहायता मिलेगी?

# 6. अपवाद और पैनल व्यवस्थाएँ

कुछ खरीदों को राष्ट्रमंडल खरीद नियमों के प्रभाग 2 और प्रभाग 1.11 के अनुच्छेद 4.7, 4.8 व 7.26 के तहत अपवाद प्राप्त हैं। ये अपवाद नीचे सूचीबद्ध हैं।

- अपवाद 13. रक्षा आसूचना संगठन (Defence Intelligence Organisation), ऑस्ट्रेलियाई सिग्नल्स निदेशालय (Australian Signals Directorate) या ऑस्ट्रेलियाई भू-स्थानिक आसूचना संगठन (Australian Geospatial Intelligence Organisation) द्वारा या इनकी ओर से माल और सेवाओं की खरीद।
- अपवाद 16. कम से कम 50% स्वदेशी स्वामित्व वाले एसएमई से माल और सेवाओं की खरीद।
- अपवाद 17. रक्षा विभाग द्वारा या इसकी ओर से किसी एसएमई से अधिकतम $200,000 तक के मूल्य के, या अधिकतम $500,000 तक के मूल्य के माल व सेवाओं की खरीद (ध्यान दें: इस अपवाद के लागूकरण से पहले *स्वदेशी खरीद नीति (Indigenous Procurement Policy)* के तहत आवश्यकताओं को संतुष्ट किए जाने की अनिवार्यता है)।

## प्रथम राष्ट्रों के लोगों की भागीदारी और अतिरिक्त अपवाद

वर्तमान सीपीआर स्वदेशी खरीद नीति (आईपीपी) के तहत, स्वदेशी व्यवसायों को बाज़ार की सुलभता प्राप्त होने से पहले धन-के लिए-मूल्य प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाना आवश्यक होगा।[12] ऑस्टेंडर से प्राप्त सांख्यिकी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वदेशी सीमित निविदा अपवाद के उपयोग से ऑस्ट्रेलिया सरकार के 768 अनुबंध दिए गए थे।[13] स्वदेशी सीमित निविदा अपवाद कम से कम 50% स्वदेशी स्वामित्व वाले एसएमई के लिए लागू होता है।

हितधारकों ने सरकारी खरीद प्रक्रिया में शामिल प्रथम राष्ट्रों के लोगों के स्वामित्व वाले छोटे व्यवसायों, और अपवाद 16 के लाभों के संरक्षण के सामने आने वाली चुनौतियों की पहचान की। इसके अतिरिक्त, हितधारकों ने वर्तमान पैनल प्रणाली के माध्यम से प्रथम राष्ट्रों के लोगों के व्यवसायों की पहचान करने में आने वाली चुनौतियों, तथा उनके कारण प्रथम राष्ट्रों के लोगों की भागीदारी को बढ़ाने में पैदा होने वाली बाधा के बारे में बताया है।

हितधारकों ने सलाह दी की यह जाँच गैर-प्रतिनिधित्व वाले समूहों में व्यवसायों को बेहतर समर्थन देने के लिए अतिरिक्त अपवादों व खरीद नीतियों के गुणों पर, और एसएमई को शामिल करने के लिए उपस्थित अपवादों से अनजाने में पैदा हुई बाधाओं पर विचार करे। उदाहरण के लिए, सरकारी खरीद में खरीद निकायों को ऐसे छोटे व्यवसायों का चयन करने की अनुमति देकर छोटे व्यवसायों की भागीदारी में वृद्धि की जा सकती है, जो दो या अधिक व्यापक नीतिगत उद्देश्यों को पूरा करते हैं। अन्य विशिष्ट नीतिगत उद्देश्यों को पहले पूरा किए जाने की आवश्यकता की तुलना में यह एक बेहतर विकल्प हो सकता है, जिसके कारण पूर्व बाधाओं के माध्यम से छोटे व्यवसायों से खरीद के लिए अनजाने में एकल प्रवेशद्वार बनता है।

[11] वित्त विभाग, *राष्ट्रमंडल खरीद नियम*, 03 जुलाई 2023 को देखा गया, https://www.finance.gov.au/government/procurement/commonwealth-procurement-rules

[12] राष्ट्रीय स्वदेशी ऑस्ट्रेलियावासी एजेंसी, *स्वदेशी खरीद नीति*, 11 मई 2023 को देखा गया। https://www.niaa.gov.au/indigenous-affairs/economic-development/indigenous-procurement-policy-ipp

[13] ऑस्टेंडर, *सरकार खरीद कैसे करती है*, 22 मई 2023 को देखा गया। https://help.tenders.gov.au/getting-started-with-austender/information-made-easy/how-the-government-buys/

सरकार की इस आवश्यकता को एक 'बहु-प्रवेशद्वार' ('multi-gateway') दृष्टिकोण में भी शामिल किया जा सकता है कि खरीद अधिकारी धन-के लिए-मूल्य का आकलन करते समय जलवायु परिवर्तन पर खरीद के व्यापक प्रभाव के बारे में विचार-मनन करें।

हितधारकों की प्रस्तुतियों और परामर्शों से यह सुझाव मिला कि महिला-स्वामित्व-एवं-नेतृत्व वाले छोटे व्यवसायों के साथ-साथ रक्षा सेनानिवृत्त-व्यक्तियों के स्वामित्व वाले छोटे व्यवसायों के लिए भी अपवाद होने चाहिए।

## पैनल व्यवस्थाएँ

एएसबीएफईओ ऐसे उदाहरणों से अवगत है, जहाँ छोटे व्यवसायों ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के विभिन्न पैनलों के लिए आवेदन करने और पैनल आवश्यकताओं का पालन करने में समय व संसाधनों का निवेश किया है, किंतु इससे केवल यही प्रकट हुआ है कि बड़ी एजेंसियाँ एक-समान माल और सेवाओं की खरीद के लिए अलग-अलग पैनलों का उपयोग कर रही हैं।

ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय लेखा-परीक्षण कार्यालय (एएनएओ) [Australian National Audit Office (ANAO)] द्वारा ऑस्टेंडर आकड़ों के विश्लेषण में पाया गया कि स्टैंडिंग ऑफर नोटिस (एसओएन) [Standing Offer Notice (SON)] से संबंधित अनुबंधों में से 43% अनुबंधों को 2012-13 में पैनल व्यवस्थाओं के रूप में रिपोर्ट किया गया था, जोकि 2021-22 में बढ़कर 95% हो गया। यह वृद्धि एसओएन से संबंधित अनुबंधों के लिए प्रतिबद्ध मूल्य में भी देखी गई थी और इसे पैनल व्यवस्था के रूप में रिपोर्ट किया गया था, जो 2012-13 में 48% से बढ़कर 2021-22.14 में 80% हो गई।[14]

इसके अतिरिक्त, 2012-13 और 2021-22 के बीच एक समय में 3,173 व्यक्तिगत एसओएन सक्रिय थे, जिनमें से 45% (1,418) को पैनल व्यवस्थाओं के रूप में रिपोर्ट किया गया था। यह तथ्य ध्यान देने योग्य है कि एसओएन डेटासेट के 'पैनल एरेंजमेंट' फ्लैग के प्रति 26% (812) एसओएन ने किसी भी जानकारी की रिपोर्ट नहीं की।[15]

आकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि पैनल व्यवस्थाएँ सरकारी खरीद प्रक्रियाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस पत्र के लिखने के समय 600 से भी अधिक स्टैंडिंग ऑफर्स उपस्थित हैं, जिनमें एक-समान या दोहरे माल और सेवाएँ वितरित करने वाले पैनल भी शामिल हैं।[16] इससे छोटे व्यवसायों के सामने खरीद पैनलों का एक जटिल जाल पैदा हो जाता है, जिसे सरकारी खरीद की आंतरिक कार्यविधियों के पूर्व अनुभव या ज्ञान के बिना जानना-समझना कठिन होता है।

हितधारकों ने इस बारे में भी चिंताएँ व्यक्त की हैं कि कई छोटे व्यवसायों को सरकारी खरीद पैनलों में प्रवेश करने तथा बहुत ही कम या बिल्कुल भी नहीं काम प्राप्त करने में समय और धन का निवेश करना पड़ता है। ऐसी चिंताओं को इन सीमित संकेतों से बढ़ावा मिलता है कि किसी एक पैनल में अनेकानेक आपूर्तिकर्ता संलग्न रहते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया सरकार की एजेंसियों के लिए प्रश्न

9. ऑस्ट्रेलिया सरकार के खरीद अधिकारी और नीतिनिर्माता कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों में छोटे व्यवसायों को बेहतर समर्थन देने के लिए अधिक समावेशी खरीद नीतियाँ कैसे बना सकते हैं, जिनमें प्रथम राष्ट्रों के लोग, सांस्कृतिक एवं भाषाई रूप से विविधतापूर्ण ऑस्ट्रेलियावासी और महिला-स्वामित्व-एवं-नेतृत्व वाले व्यवसाय भी शामिल हैं?
10. क्या ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद में छोटे व्यवसायों की भागीदारी बढ़ाने में बाधाएँ उपस्थित हैं? यदि हाँ, तो वे क्या हैं?
11. ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद प्रक्रियाओं को सरल और कूटमुक्त बनाने के लिए कौन से तकनीकी अवसरों का पता लगाया जाना चाहिए, जिससे और भी अधिक एसएमई इन अवसरों में भाग ले सकें?
12. क्या आप छोटे व्यवसायों के प्रतिभाग व ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद में अवसरों की पहचान करने में सहायता के लिए अन्य समर्थन सेवाओं या संसाधनों के बारे में अवगत हैं? कौन सी समर्थन सेवाओं और संसाधनों की आवश्यकता है?

---

[14] ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय लेखा-परीक्षण कार्यालय, *ऑस्ट्रेलिया सरकार खरीद अनुबंध रिपोर्टिंग - 2022 अपडेट.* 1 जून 2023 को देखा गया।

[15] ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय लेखा-परीक्षण कार्यालय, *ऑस्ट्रेलिया सरकार खरीद अनुबंध रिपोर्टिंग - 2022 अपडेट.* 1 जून 2023 को देखा गया।

[16] ऑस्टेंडर, *स्टैंडिंग ऑफर नोटिस सूची.* 1 जून 2023 को देखा गया।

# 7. छोटे व्यवसायों की बेहतर संलग्नता के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार के निकायों और खरीद अधिकारियों को समर्थन

पूरी सरकार-भर में सीपीआर उपस्थित हैं, किंतु अलग-अलग निकाय खरीद कैसे करते हैं, वे स्वयं इसे आकार दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, रक्षा विभाग के अंदर रक्षा-संबंधी खरीद में एसएमई की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से छोटे व्यवसायों और खरीद अधिकारियों की सहायता के लिए एक रक्षा उद्योग समर्थन कार्यालय (Office of Defence Industry Support) और एक लघु व्यवसाय पक्ष-समर्थन टीम (Small Business Advocacy Team), इन दोनों का निर्माण किया गया है।

एसएमई को खरीद अनुबंधों के लिए प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के लिए खरीद अधिकारियों द्वारा अपनाई गई विधियों के उदाहरणों से एएसबीएफईओ अवगत है। इसका एक उदाहरण है - एक मीडिया परियोजना का कई छोटे-छोटे अनुबंधों में विभाजन। जो एसएमई बड़े आकार के 'बंडल' बनाए गए अनुबंधों के लिए प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं थे, उन्हें इन छोटे अनुबंधों से प्रतिस्पर्धा करने और अंततः अपने पैमाने व क्षमताओं के दायरे में सामग्री वितरित करने की अनुमति मिल पाई।

हितधारकों ने ऐसे उदाहरणों की पहचान भी की है, जहाँ खरीद कार्यप्रथाओं से एसएमई भागीदारी को समर्थन नहीं मिला है। इन उदाहरणों में शामिल हैं:

- जहाँ खरीद अधिकारियों ने $200,000 (रक्षा अनुबंधों के लिए $500,00) से कम मूल्य के अनुबंधों के लिए एसएमई अपवाद का उपयोग नहीं करने का प्रयास किया है
- सरकारी खरीद की सुलभता के लिए आवश्यकताएँ अक्सर अन्य उद्योग मानकों या पहले से उपस्थित आवश्यकताओं के साथ दोहराई जाती हैं या उनका ओवरलैप होता है (इस बात पर ध्यान दिया गया है कि आवश्यकताओं में किसी भी असंगति से छोटे व्यवसायों को असंगत रूप से नुकसान पहुंचता है)
- पूरी आपूर्ति श्रृंखला में व्याप्त ऐसे जमानत बॉन्ड या बैंक गारंटियों का उपयोग, जो अनुबंध के मूल्य से असंगत हैं
- अत्यधिक बीमा आवश्यकताएँ, जैसे व्यवसाय की बीमा नीति पर नामित बीमाधारक के रूप में एजेंसी का नाम सूचीबद्ध
- लंबे समय के लिए और स्थाई पैनल व्यवस्थाएँ, जिनसे छोटे व्यवसाय आपूर्तिकर्ता विस्तारित अवधियों के लिए 'लॉकआउट' हो जाते हैं
- वर्तमान आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क करने और नए प्रवेशकों को बाहर रखने के लिए सीमित निविदाओं का बार-बार उपयोग
- प्रक्रियात्मक अनुपालन कदम के रूप में अपवादों की लापरवाहीपूर्ण अभिस्वीकृति।

एएसबीएफईओ यह स्वीकार करता है कि हितधारकों से प्राप्त आरंभिक प्रतिक्रिया से इस बात का बहुत कम या बिल्कुल भी संकेत नहीं मिलता है कि 1 जुलाई 2022 के परिवर्तनों के बाद बड़ी परियोजनाओं को विभाजित करने का प्रयास किया गया है।

हितधारकों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कर्मी प्रतिधारण के निम्न स्तरों, प्रशिक्षण के सीमित अवसरों और एकीकरण के खतरे को कम करने के लिए बंडलिंग के पक्ष में खतरे से विमुखता के कारण इन परिवर्तनों के बारे में खरीद अधिकारियों का ज्ञान सीमित हो सकता है।

हितधारकों ने विशिष्ट कार्यक्रमों के वितरण में सक्षम एसएमई की पहचान कर पाने में कठिनाइयों का भी उल्लेख किया, क्योंकि पैनलों में विभिन्न प्रकार की क्षमताएँ और सेवाएँ हो सकती हैं। समान माल और सेवाओं के लिए कई पैनल मौजूद होने की ओर रुझान इस चिंता को संवृद्ध करता है। पैनल अलग-अलग प्रयोजनों के लिए हो सकते हैं, इसलिए किसी खरीद अधिकारी के लिए ऐसा व्यवसाय खोज पाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है जो सरकारी एजेंसी की आवश्यकता के माल या सेवाएँ वितरित कर पाए।

# राष्ट्रमंडल खरीद में छोटे व्यवसायों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन के उपाय

एएसबीएफईओ पैनल प्रणाली में तकनीकी अपग्रेड्स के लिए 2023-24 बजट में शामिल निधीकरण को अभिस्वीकृति देता है और इसका स्वागत करता है।

प्रतिनिधि सभा बुनियादी ढाँचा, परिवहन एवं नगर स्टैंडिंग समिति (House of Representatives Standing Committee on Infrastructure, Transport, and Cities) ने सरकार द्वारा वित्त-पोषित बुनियादी ढाँचे के लिए खरीद प्रथाओं की जो जाँच की थी, उससे यह संस्तुति प्राप्त हुई कि खरीद डिज़ाइन के शुरुआती चरणों में ही उद्योग वहनीयता और उद्यम-विकास मानदंडों का आरंभ किया जाए।[17] इन मानदंडों को आरंभ करने से हेड-कॉन्ट्रेक्ट में टियर-वन के अंतरराष्ट्रीय अनुबंधको को गैर-टियर वन घरेलू कंपनी के साथ साझेदारी करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे छोटे व्यवसायों के लिए क्षमता और योग्यता का निर्माण करने वाले अनुबंधों की सुलभता बढ़ेगी।

रक्षा विभाग के प्रमुख सेवा प्रदाता (एमएसपी) पैनल [Department of Defence Major Service Provider (MSP) Panel] में चार बड़े निकाय शामिल हैं। क्षमता अधिग्रहण एवं वहनीयता समूह (सीएएसजी) [Capability Acquisition and Sustainment Group (CASG)] और नौसेना पोत-निर्माण एवं वहनीयता समूह (एनएसएसजी) [Naval Shipbuilding and Sustainment Group (NSSG)] को बड़े आकार की अनेकानेक सेवाओं के साथ संलग्नता व प्रबंधन के लिए एमएसपी पैनल की ओर से कार्यनीतिक रूप से प्रबंधित दृष्टिकोण मिलता है। एमएसपी उद्यम समर्थन सेवाएँ समझौते (ईएसएसए) [MSP Enterprise Support Services Agreement (ESSA)] की शर्तों के तहत एमएसपी को अनेकानेक प्रकार की सेवाएँ प्रदान करने के लिए अनुबंधित किया जाता है। ईएसएसए में प्रवेश करने के लिए सरकार और एमएसपी के उद्देश्यों में ये शामिल हैं:

- क्षमता में मूलभूत इनपुट के रूप में उद्योग के महत्व को मान्यता देना
- 'रेखा से ऊपर' (राष्ट्रमंडल की ओर से काम करने वाली) विषयवस्तु विशेषज्ञता के लिए एमएसपी आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से व्यवहार्य और जीवंत लघु व्यवसाय क्षेत्र बनाए रखना।[18]
- संसाधनों और अनुभव से बेहतर लाभ उठाने के लिए उद्योग के साथ अधिक प्रभावी ढंग से संलग्न होना
- सीएएसजी तथा और अधिक व्यापक रक्षा क्षमता परिणामों को प्राप्त करने के लिए एकीकृत तरीके से उद्योग संसाधनों का सबसे कुशलतापूर्वक उपयोग करना
- यह सुनिश्चित करना कि वर्तमान और भविष्य की राष्ट्रमंडल कार्य आवश्यकताओं के समर्थन के लिए रक्षा और उद्योग, दोनों में एक संवृद्ध तथा वहनीय क्षमता है
- सहयोगी व्यवहारों व कार्यनीतिक, सहकारी और रचनात्मक कार्य संबंधों को बढ़ावा देना
- सरकार को बेहतर धन-के लिए-मूल्य उपलब्ध कराना, जिसमें अत्यधिक प्रतिस्पर्धी श्रम दरों, विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए पूर्व-सहमत नियमों व शर्तों तथा पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं के अनुकूलन के माध्यम से ऐसा करना शामिल है
- राष्ट्रमंडल और उद्योग, इन दोनों के लिए परिचालन लागतों को कम से कम करना (जिसमें निविदा और अन्य लेनदेन शुल्कों की लागतें भी शामिल हैं)।[19]

हितधारकों के साथ परामर्शों से यह बात प्रकाशमान हुई है कि ईएसएसए कई मामलों में एसएमई को धाराप्रवाह कार्य मिलने और पूरी आपूर्ति श्रृंखला के अंदर क्षमता बढ़ाने में समर्थन देते हैं।

---

[17] प्रतिनिधि सभा बुनियादी ढाँचा, परिवहन एवं नगर स्टैंडिंग समिति (House of Representatives Standing Committee on Infrastructure, Transport, and Cities), *सरकारी खरीद: एक संप्रभु सुरक्षा अनिवार्यता*। मार्च 2022

[18] टीम डाउनर, *हमारे बारे में*, 18/07/23 को देखा गया, https://www.teamdownermsp.com.au/about-us

[19] कार्यनीतिक पैनल, रक्षा विभाग, *कार्यनीतिक पैनल*, 2/06/2023 को देखा गया https://www.defence.gov.au/business-industry/industry-programs/strategic-panels

## ऑस्ट्रेलिया सरकार की एजेंसियों के लिए प्रश्न

13. ऑस्ट्रेलिया सरकार व उसकी एजेंसियाँ और भी अधिक छोटे व्यवसायों को अपने खरीद के अवसरों की सुलभता और प्रतिस्पर्धा में सहायता देने के लिए क्या कर सकती हैं - सबसे पहली बार या अधिक नियमित रूप से?
14. क्या खरीद के लिए ऐसे अतिरिक्त अन्य नीतियाँ और नियम भी उपस्थित हैं, जो ऑस्ट्रेलिया सरकार के अनुबंधों के लिए प्रतिस्पर्धा करने की छोटे व्यवसायों की क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं?
15. राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में 1 जुलाई 2022 के परिवर्तनों के लागूकरण के लिए आपने क्या बदलाव किए हैं?
16. एक एजेंसी या खरीद अधिकारी के रूप में, क्या विनियमन या नीतियों से असंबद्ध माल या सेवा प्रदान करने के लिए एसएमई से संपर्क करने अथवा उनका उपयोग करने में कोई बाधाएँ हैं? उदाहरण के लिए: प्रतिस्पर्धी छोटे व्यवसायों के विकल्पों की पहचान करने में कठिनाइयाँ; छोटे व्यवसायों की परियोजना पर काम करने की क्षमता से संबंधित चिंताएँ; या इस बारे में चिंताएँ है कि बड़े व्यवसायों की तुलना में छोटे व्यवसायों से अधिक खतरा है।
17. क्या खरीद अधिकारी के लिए इस बारे में पर्याप्त मार्गदर्शन उपलब्ध है कि वह लेखा-परीक्षण व समीक्षा जाँच की संतुष्टि के साथ एसएमई अपवादों के उपयोग के लिए ज़रूरी विवेक का विश्वासपूर्वक उपयोग कर सके?
18. क्या आपके पास आदर्श खरीद कार्यप्रथाओं और समर्थनकारी ढाँचों के ऐसे कोई उदाहरण हैं, जो छोटे व्यवसाय की भागीदारी को प्रोत्साहित और सुविधाकृत करते हैं? यदि हाँ, तो कृपया बताएँ।
19. क्या आपके पास ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद या उद्योग संलग्नता प्रथाओं के ऐसे कोई उदाहरण हैं, जिन्हें दोहराया जाना चाहिए या आगे विकसित किया जाना चाहिए? यदि हाँ, तो कृपया बताएँ।
20. क्या मौजूदा प्रक्रियाएँ असफल छोटे व्यवसाय निविदाकर्ताओं को प्रोत्साहित और समर्थित करती हैं, ताकि उनके लिए भविष्य में ऑस्ट्रेलिया सरकार के अनुबंध प्राप्त करने की संभावनाएँ अधिक बन सकें? कौन सी अतिरिक्त प्रक्रियाओं पर विचार किया जाना चाहिए?
21. क्या आपने असफल छोटे व्यवसाय निविदाकर्ताओं के साथ डिब्रीफिंग सत्रों में भाग लिया है? क्या आपको आत्मविश्वास महसूस होता है? क्या ऐसी कोई अतिरिक्त जानकारी या सलाह है, जिससे आपको सहायता मिलेगी?

# 8. तुलनात्मक न्यायक्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की संलग्नता को समर्थन देने वाली खरीद नीतियाँ और कार्यप्रथाएँ

सरकारी खरीद स्थानीय व्यवसाय और उद्योगों की वृद्धि तथा विकास को समर्थन देने के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक नीति व आर्थिक उपकरण हो सकती है, ताकि वे कुशलतापूर्वक सेवाओं का वितरण और समस्याओं का समाधान कर सकें। पूरे विश्व-भर में न्यायाधिकार क्षेत्र विशिष्ट नीतिगत उद्देश्यों को आगे ले जाने के लिए अलग-अलग तरीकों का उपयोग करते हैं। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका का रक्षा विभाग खरीद के अवसरों में विशिष्ट व्यवसायों और समूहों की भागीदारी के समर्थन के लिए कई पहलें संचालित करता है। इनमें शामिल हैं:

- महिला-स्वामित्व लघु व्यवसाय संघीय अनुबंध कार्यक्रम (Women-Owned Small Business Federal Contract Program) और 5% महिला-स्वामित्व लघु व्यवसाय अनुबंधों का लक्ष्य
- सेवा-विकलांग सेनानिवृत्त-स्वामित्व लघु व्यवसाय (एसडीवीओएसबी) [Service-Disabled Veteran-Owned Small Business (SDVOSB)] आउटरीच प्रयास, ताकि सेवा में विकलांगता-ग्रस्त हुए सेनानिवृत्त-व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित किए जाने वाले छोटे व्यवसायों की पहचान की जा सके। एसडीवीओएसबी प्रयास का लक्ष्य सेवा में अक्षम हुए सेनानिवृत्त व्यक्तियों के स्वामित्व वाले छोटे व्यवसायों के लिए प्रमुख व उप-अनुबंध अवसरों में सुधार करना है।
- ऐतिहासिक रूप से अल्प-प्रयुक्त व्यवसाय क्षेत्र (हबज़ोन्स) [Historically Under-utilized Business Zones (HUBZones)] कार्यक्रम इन आर्थिक रूप से संकटग्रस्त समुदायों में स्थित छोटे व्यवसायों को अनुबंध सहायता प्रदान करके हबज़ोन्स में रोजगार वृद्धि, पूंजी निवेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है।[20]

[20] संयुक्त राज्य अमेरिका रक्षा विभाग, *लघु व्यवसाय कार्यक्रम कार्यालय*, 22 मार्च 2023 को देखा गया https://business.defense.gov/

यूनाइटेड किंगडम में केंद्रीय विभागों ने एसएमई कार्य योजनाओं के साथ-साथ एसएमई चैंपियन नियुक्त किए हैं, ताकि छोटे व्यवसायों को दिए गए खरीद अनुबंध मजबूत बन सकें।[21]

दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई उद्योग पक्षसमर्थक (South Australian Industry Advocate), श्री इयान नाइटिंगेल को 2013 में नियुक्त किया गया था। उद्योग पक्ष-समर्थक यह सुनिश्चित करता है कि स्थानीय व्यवसाय दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई सरकारी खरीद के अवसरों का अधिकतम लाभ उठा सकें, जिसमें छोटे व्यवसायों के लिए खरीद के अवसरों का उपयुक्त भागों में विभाजन सुनिश्चित करके ऐसा किया जाना भी शामिल है।

उद्योग पक्ष-समर्थक कार्यालय (ओआईए) [Office of the Industry Advocate (OIA)] के समर्थन से *उद्योग पक्ष-समर्थक अधिनियम 2017 (दक्षिण ऑस्ट्रेलिया) [Industry Advocate Act 2017 (South Australia)]* के तहत उद्योग पक्ष-समर्थक के लिए कार्य नियत किए जाते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- सरकारी अनुबंधों में भागीदारी के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में स्थित व्यवसायों की क्षमता और योग्यता का निर्माण करके, सीमितता के बिना, दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई उद्योग प्रतिभाग नीति (एसएआईपीपी) [South Australian Industry Participation Policy (SAIPP)] के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए कदम उठाना
- एसएआईपीपी के बारे में व्यवसाय और उसके उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा और उनकी ओर से शिकायतें प्राप्त करना और उनकी जाँच करना
- शिकायतों को हल करने, बाधाओं को दूर करने या खरीद कार्यप्रथाओं व प्रक्रियाओं में सुधार करने के बारे में खरीद के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और सार्वजनिक प्राधिकरणों के प्रमुख अधिकारियों को (किसी भी अन्य कानून के तहत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए) संस्तुतियाँ देना
- अनसुलझी शिकायतों और मुद्दों पर सोच-विचार करने के लिए इन्हें मंत्री के पास भेजना
- उद्योग भागीदारी योजनाओं की समीक्षा करना और चर्चाओं में सहायता देना, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अनुबंध की शर्तों को अंतिम रूप देने से पहले वे एसएआईपीपी का अनुपालन करते हैं
- प्रतिभागियों द्वारा सरकारी अनुबंधों में एसएआईपीपी के अनुपालन की जाँच और निगरानी करना
- एसएआईपीपी के अनुपालन को बढ़ावा देने और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना
- स्थानीय सरकार द्वारा उद्योग भागीदारी नीतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन देना।

खरीद सेवाएँ दक्षिण ऑस्ट्रेलिया (Procurement Services South Australia) ने प्रमुख खरीद अवसरों के साथ संलग्नता बनाने के इच्छुक दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के छोटे व्यवसायों को समर्थन देने के उद्देश्य से सभी सार्वजनिक प्राधिकरणों के लिए अग्रिम खरीद योजना (Forward Procurement Plan) प्रकाशित करने पर भी सहमति व्यक्त की है, जो संभावित आपूर्तिकर्ताओं को 24 महीने की अवधि के लिए भविष्य के खरीद अवसरों के बारे में सूचित करेगी। इससे स्थानीय व्यवसायों को सफल निविदा प्रक्रिया की संभावना बढ़ाने और नए व अभिनव दृष्टिकोण विकसित करने के लिए समय मिलेगा। यह नवाचार ऐसे छोटे व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण है, जिनके पास अपने बड़े समकक्षों के लिए उपलब्ध संसाधनों की कमी है और इससे प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके उत्पादकता लाभों को उद्वेलन मिल सकता है।

## ऑस्ट्रेलिया सरकार की एजेंसियों के लिए प्रश्न

21. क्या समतुल्य न्यायाधिकरण क्षेत्रों में (ऑस्ट्रेलिया के अंदर या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर) ऐसे सफल दृष्टिकोण हैं, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा दोहराया जा सकता है?

22. क्या ऐसी कोई और बात है, जो छोटे व्यवसायों के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार की खरीद के साथ संलग्न होने के अवसरों को बढ़ाएगी या इनमें वृद्धि करेगी?

इस जाँच के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.asbfeo.gov.au/procurement पर जाएँ, जहाँ पाथफाइंडर्स और संदर्भ की शर्तों के उदाहरण शामिल हैं।

[21] यूनाइटेड किंगडम कैबिनेट कार्यालय, *लघु एवं मध्यम व्यवसाय हब*, 11 अप्रैल 2023 को देखा गया, https://www.gov.uk/guidance/small-and-medium-business-hub

[22] उद्योग पक्ष-समर्थक कार्यालय, *2020-21 वार्षिक रिपोर्ट*. पृ. 6.

# परिशिष्ट ए

## 1 जुलाई 2022 से प्रभावी राष्ट्रमंडल खरीद नियमों (सीपीआर) में परिवर्तन

| सीपीआर में परिवर्तन | सामान्य टिप्पणी |
|---|---|
| प्राक्कथन | वित्त मंत्री को नए प्राक्कथन के लिए श्रेय दिया गया। |
| धन-के लिए-मूल्य प्राप्त करना (4.5 e) | संशोधित पाठ, जिसमें यह कहा गया है कि धन-के लिए-मूल्य हेतु प्रासंगिक वित्तीय और गैर-वित्तीय विचार-मनन में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को शामिल किया जाए। |
| धन-के लिए-मूल्य प्राप्त करना (4.5 e. ii) | संशोधित पाठ, जिसमें जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल के नए विभाग का प्रतिबिंबन किया गया है। |
| लघु एवं मध्यम उद्यम (5.6) | संशोधित पाठ, जिसमें एसएमई से मूल्य के हिसाब से 20% खरीद प्राप्त करने वाले गैर-कॉर्पोरेट राष्ट्रमंडल निकायों के प्रति ऑस्ट्रेलिया सरकार की प्रतिबद्धता संवृद्ध की गई है। |
| स्टैंडिंग ऑफर्स से खरीद (9.14) | नया पाठ, जिसमें अधिकारियों को अधिकतम प्रतिस्पर्धा के लिए स्टैंडिंग ऑफर से एक से अधिक संभावित आपूर्तिकर्ताओं के साथ संपर्क करने की सलाह दी गई है। |
| **1 जुलाई 2022 से प्रभावी राष्ट्रमंडल खरीद नियमों (सीपीआर) में पिछले परिवर्तन** | |
| चित्र 1: कानून और नीति | विधान शीर्षक के अंतर्गत सरकारी खरीद (न्यायिक समीक्षा) अधिनियम 2018 [Government Procurement (Judicial Review) Act 2018] का समावेशन और वैधानिक एवं नीतिगत परिवेश के अंदर अंतरराष्ट्रीय दायित्व शीर्षक के अंतर्गत नए पाठ 'मुक्त व्यापारिक समझौते और अन्य प्रतिबद्धताएँ' का समावेशन। |
| सीपीआर की दो डिविज़नों का अनुपालन (3.8) | संशोधित पाठ, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रमंडल सेवानिवृत्ति निगम (Commonwealth Superannuation Corporation) द्वारा प्रशासित सेवानिवृत्ति योजनाओं से संबंधित प्रशासनिक सेवाओं पर सीपीआर लागू होते हैं। |
| खरीद-संबंधी नीतियाँ (4.9) | संशोधित पाठ, जिसमें यह कहा गया है कि गैर-कॉर्पोरेट राष्ट्रमंडल निकायों और निर्धारित राष्ट्रमंडल कॉर्पोरेट निकायों को उस स्थिति में खरीद-संबंधी नीतियों का पालन करना होगा, जहाँ नीति इंगित करती है कि वह खरीद प्रक्रिया और निकाय के लिए लागू होती है। |
| लघु एवं मध्यम उद्यम (5.5 d) | अपडेट किए गए उप-अनुच्छेद, जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि खरीद अधिकारियों को अधिकतम प्रतिस्पर्धा के लिए बड़ी परियोजनाओं को यथोचित रूप से छोटे-छोटे पैकेजों में विभाजित करने पर विचार करने की आवश्यकता है। |
| लघु एवं मध्यम उद्यम (5.8) | संशोधित पाठ, जिसमें यह दर्शाया गया है कि आपूर्तिकर्ता द्वारा समय पर भुगतान अथवा ब्याज भुगतान नीति - संसाधन प्रबंधन निर्देशिका (आरएमजी 417) [Supplier Pay On-Time or Pay Interest Policy – Resource Management Guide (RMG 417)] में $1 मिलियन की सीमा हटा दी गई है। |
| खरीद जोखिम (8.4) | नया पाठ, जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि आपूर्तिकर्ताओं को तब तक बीमा लेने की आवश्यकता नहीं होगी जब तक उन्हें अनुबंध नहीं दिया जाता है और अनुबंधों में बीमा की सीमाओं को सीमित किया जाना है तथा संविदात्मक देयता में वास्तविक खतरे के बेहतर प्रतिबिंबन से खतरा साझाकरण के सिद्धांत को अंगीकृत किया जाना है। |
| परिशिष्ट ए: अपवाद 17 | संशोधित पाठ, जिसमें रक्षा विभाग को अधिकतम $500,000 तक की खरीद के लिए सीधे एसएमई के साथ संलग्न होने की अनुमति दी गई है (ध्यान दें: इस अपवाद के लागूकरण से पहले स्वदेशी खरीद नीति के तहत आवश्यकताओं को संतुष्ट किए जाने की आवश्यकता है)। |

स्रोत: वित्त विभाग

Canberra
Level 2
15 Moore
Street
Canberra ACT

GPO Box 1791
Canberra City ACT 2601

T 1300 650 460
E info@asbfeo.gov.au

Twitter : @ASBFEO

Facebook: @ASBFEO

LinkedIn: Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman

Instagram: @ASBFEO

YouTube : Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman

Copyright Notice

http://creativecommons.org/licences/by/3.0/au/

With the exception of coats of arms, logos, emblems, images, other third-party material or devices protected by a trademark, this content is licensed under the Creative Commons Australia Attribution 3.0 Licence.

We request attribution as © Commonwealth of Australia (Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman) 2023.

All other rights are reserved.

Some graphics in this document were used under a Creative Commons license from the Noun Project (http://thenounproject.com).

Permission may need to be obtained from third parties to re-use their material.

Written enquiries may be sent to:

Director, Communications and Media
Australian Small Business and Family Enterprise
Ombudsman GPO Box 1791
Canberra City, ACT 2601

or email media@asbfeo.gov.au

Australian Government

Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman